सत्र- 2020-21

विषय : हिंदी पूर्णांक (लिखित) -75+5(सुंदर लिखाई) =80

समय : 3 घंटे कक्षा : दसवीं आंतरिक मूल्यांकन= 20

प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

नोट : (i) 05 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं। अक्षरों व शब्दों के सामान्य आकार, अक्षरों की सुस्पष्टता, अक्षरों व शब्दों के बीच की निश्चित दूरी , लिखने में एकसारता, व प्रवाहयुक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा।

(ii) प्रश्न-पत्र में कुल 7 प्रश्न होंगे ।

(iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।

(iv) प्रश्न-पत्र के 06 भाग (क से च तक) होंगे ।

भाग-क : अति लघूत्तर प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) (37)

विशेष नोट : ये प्रश्न बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले अथवा हाँ/ नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही/ गलत अथवा मिलान कीजिए, किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से सबको लगभग समान प्रतिनिधित्व देता हुआ निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है :

प्रश्न-1 : (i) में निर्धारित विषयों-संधि (स्वर संधि), समास (तत्पुरुष व कर्मधारय समास), भाववाचक संज्ञा निर्माण , विशेषण निर्माण, पर्यायवाची शब्द ,समरूपी भिन्नार्थक शब्द,अनेक शब्दों के लिए एक शब्द,विलोम शब्द,अनेकार्थी शब्द और वाक्य शुद्धि में से 22 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से 17 के उत्तर लिखने के लिये कहा जायेगा। 17 ×1 =17

प्रश्न पत्र निर्माता द्वारा उपयुर्क्त विषयों में से सबको लगभग समान प्रतिनिधित्व देता हुआ यथोचित प्रश्न पूछे :

(ii.) पाठ्य पुस्तक के पद्यांश पर आधारित छह बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न पूछे जाएँगे जिनमें से 05 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा । 5X1=5

(iii) एक अपठित गद्यांश देकर उसके नीचे छह बहुवैकल्पिक प्रश्न (तीन प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ढूँढ़कर ,दो कठिन शब्दों के अर्थ, एक प्रश्न गद्यांश के शीर्षक/ केन्द्रीय भाव से सम्बन्धित) दिये जायेंगे,जिनमें से पांच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक होगा । 5×1=5

(iv) सात मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं पाँच मुहावरे एवं लोकोक्तियों से सम्बन्धित उत्तर देने होंगे। 5×1 =5

(v) में 'हिंदी पुस्तक-10' में से कविता, कहानी ,निबन्ध एवं एकांकी के **अभ्यासों में दिए भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'I' में दिए गए प्रश्नों** में से सात प्रश्न (कविता में से 2, कहानी में से 2, निबन्ध में से 2 तथा एकांकी में से 1) पूछे जायेंगे,जिनमें से पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक होगा । 5×1 =5

भाग-(ख) (पाठ्य -पुस्तक में से अन्य प्रश्न) (16)

प्रश्न-2 में 'हिंदी पुस्तक-10' में से कहानी ,निबन्ध एवं एकांकी के **अभ्यासों में दिए भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'II' में दिए गए प्रश्नों** में से पाँच प्रश्न (प्रत्येक विधा में से एक प्रश्न पूछना अनिवार्य) पूछे जायेंगे,जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। 3×2=6

प्रश्न-3 पाठ्य पुस्तक के 'गद्य भाग' (कहानी, निबन्ध एवं एकांकी) के निबन्धात्मक प्रश्नों **(अभ्यासों में दिए भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग '3' में दिए गए प्रश्न)** में से चार निबन्धात्मक प्रश्न (प्रत्येक विधा में से एक प्रश्न पूछना अनिवार्य) पूछे जायेंगे, जिनमें से दो प्रश्नों का उत्तर लगभग छह-सात पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जायेगा । 2×5=10

भाग- (ग) (रचनात्मक लेखन) (10)

प्रश्न-4. (i) यह प्रश्न पत्र-लेखन से सम्बन्धित होगा। इसमें 100 प्रतिशत आन्तरिक विकल्प दिया जायेगा। 5

(ii) यह प्रश्न अनुच्छेद-लेखन से सम्बन्धित होगा। कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखने के लिए कहा जायेगा। 5

भाग- (घ) अनुवाद (पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद) (3)

प्रश्न-5. यह प्रश्न अनुवाद से सम्बन्धित होगा । इस प्रश्न में पंजाबी का एक लगभग 25-30 शब्दों का एक गद्यांश देकर उसका हिंदी में अनुवाद करने के लिये कहा जायेगा। 3

भाग- (ङ) विज्ञापन , सूचना और प्रतिवेदन (4)

प्रश्न-6. विज्ञापन, सूचना और प्रतिवेदन तीनों में से किन्हीं दो में से प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिये कहा जायेगा । 4

भाग- (च) प्रपत्र -पूर्ति (डाकघर , बैंक से सम्बन्धित) (5)

प्रश्न-7. बैंक, डाकखाना में से दो से सम्बन्धित प्रपत्र देकर उनमें से किसी एक प्रपत्र की पूर्ति करने के लिये कहा जायेगा। प्रपत्र की रूपरेखा प्रश्न-पत्र में ही दी जायेगी । 5

विशेष कथन : प्रश्न पत्र निर्माता बैंक,डाकखाना से सम्बन्धित प्रश्न में किसी भी प्रपत्र में पाँच स्थानों की पूर्ति करने को दे । प्रत्येक प्रपत्र पूर्ति के लिए 1 अंक निर्धारित है।

नोट : पाठ्य-पुस्तक(**हिंदी पुस्तक-10**) के अभ्यासों को निम्नलिखित शीर्षकों से प्रस्तुत किया गया है- 1.विषय बोध 2.भाषा बोध 3. रचनात्मक अभिव्यक्ति 4. पाठ्येतर सक्रियता 5. ज्ञान विस्तार । परीक्षा में केवल विषय-बोध व भाषा-बोध से सम्बन्धित प्रश्न ही पूछे जाएंगे । पाठ्येतर सक्रियता, रचनात्मक अभिव्यक्ति व ज्ञान विस्तार का उपयोग विद्यार्थी की प्रतिभा निखार हेतु आन्तरिक मूल्यांकन के अन्तर्गत किया जाये।